प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 01.09.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित 26वें शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगें
- सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढाने के लिए आज से देशभर में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू किया जायेगां
- प्रदेश में 309 नगर निकाय चुनाव के लिए दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की आज जांच की जाएगीं
- राज्य में कच्चे तेल का उत्पादन चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 80 हजार बैरल प्रतिदिन किया जाएगां

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित 26वें शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन को संबोधित करेंगें यह शिखर सम्मेलन संगठन की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा हैं एस.सी.ओ. बैठक में भारत, चीन और रूस सहित दस अन्य सदस्य देश शामिल हैं इससे पहले प्रधानमंत्री ने कल बिश्केक में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बातचीत कीं इस दौरान द्विपक्षीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों व्यापार और निवेश, ऊर्जा और रक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गयां प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और रूस के बीच सहयोग का नई ऊंचाइयों तक पहुंचना बहुत संतोष का विषय हैं उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने यूक्रेन के मुद्दे पर लगातार चर्चा की हैं उन्होंने कहा कि भारत शांति के सभी प्रयासों का समर्थन करता है और करता रहेगां

.....

0000

देशभर में आज से स्वच्छता पखवाडा 2026 शुरू हो रहा हैं इस अभियान का उद्देश्य सिंगल यूज प्लास्टिक के उन्मूलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना हैं साथ ही कपड़े के थैलों और दोबारा प्रयोग वाली बोतलों के उपयोग को बढ़ावा देना हैं केन्द्रीय रसायन और उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा इस पखवाड़े का उद्‌घाटन करेंगें ये अभियान 15 सितम्बर तक चलेगां उर्वरक विभाग के अनुसार इस राष्ट्रव्यापी अभियान का लक्ष्य भौतिक और डिजिटल दोनों कार्यस्थलों पर स्वच्छता को बढ़ावा देना, पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना और कार्य संस्कृति में गुणात्मक सुधार लाना हैं इस वर्ष भौतिक स्वच्छता के साथ डिजिटल स्वच्छता और अभिलेख प्रबंधन को विशेष प्राथमिकता दी जा रही हैं

0000

आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के सदस्य सचिव पंकज जैन कल मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से मुलाकात कीं इस दौरान आयोग से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श हुआं श्री जैन ने आयोग की ओर से भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय पुलिस सेवा और भारतीय वन सेवा संघों के साथ हुई बैठकों की जानकारी दीं बैठक में आयोग के सामने महत्वपूर्ण विषयों पर राज्य का दृष्टिकोण साझा किया गयां बैठक में एचसीएम रीपा की महानिदेशक श्रेया गुहा भी उपस्थित रहीं

000

जल शक्ति मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में आज से विभागीय शिखर सम्मेलन आयोजित किया जा रहा हैं मंत्रालय के अनुसार दो दिन के इस कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच सहयोग बढ़ाकर जल–सुरक्षित भारत और विकसित भारत–2047 के लक्ष्य को आगे बढ़ाना हैं सम्मेलन में जल अवसंरचना परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण में जनभागीदारी जैसे विषयों पर विचार विमर्श होगां साथ ही पेयजल स्रोतों की स्थिरता तथा जल जीवन मिशन–2 के तहत ग्रामीण पेयजल योजनाओं के संचालन और रखरखाव पर चर्चा होगीं इस दौरान राज्यों के राजनीतिक नेतृत्व और वरिष्ठ अधिकारी अपने अनुभव और बेहतर कार्यप्रणालियां साझा करेंगें

0000

प्रदेश में 309 नगर निकाय चुनाव के लिए दाखिल किए गए नामांकन पत्रों की आज जांच की जाएगीं निर्वाचन विभाग के अनुसार 10 हजार 245 वार्डों के लिए करीब 21 हजार से अधिक प्रत्याशियों ने लगभग साढ़े 26 हजार नामांकन पत्र दाखिल किए हैं नामांकन पत्रों की जांच के बाद तीन सितंबर तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगें इसके बाद चुनाव मैदान में प्रत्याशियों की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी और चार सितंबर को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगें नामांकन के अंतिम दिन कल विभिन्न नगर निकायों में प्रत्याशियों और उनके समर्थकों में खासा उत्साह देखा गयां टिकट वितरण को लेकर कुछ स्थानों पर गतिरोध भी सामने आयां निकाय चुनाव के लिए नौ और 11 सितंबर को दो चरणों में वोट डाले जायेंगें वोटो की गिनती 14 सितंबर को होगीं

0000

जयपुर में आगामी त्योहारों और नगर निकाय चुनाव को देखते हुए प्रशासन की ओर से सुरक्षा और यातायात के पुख्ता बंदोबस्त किये जा रहे हैं अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रदीप मोहन शर्मा ने बताया कि जन्माष्टमी और गणेश चतुर्थी के दौरान शहर में विशेष यातायात व्यवस्था लागू की जाएगीं उन्होंने बताया कि 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के साथ नगर निकाय चुनाव की मतगणना भी होगीं ऐसे में कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगां

.....

0000

प्रदेश में कच्चे तेल का उत्पादन चरणबद्ध तरीके से बढ़ाकर 80 हजार बैरल प्रतिदिन करने की तैयारी हैं खान एवं पेट्रोलियम विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोरा ने कल सचिवालय में पेट्रोलियम और सीजीडी सेक्टर की प्रगति समीक्षा के दौरान यह जानकारी दीं श्रीमती अरोड़ा नेबताया कि फिलहाल प्रदेश में रोजाना करीब 52 हजार बैरल कच्चे तेल का उत्पादन हो रहा हैं उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न बेसिनों में नवीनतम तकनीक का उपयोग किया जाएगां उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश में उत्पादित कच्चे तेल का राजस्थान रिफाइनरी में ही परिशोधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिएं अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में 60 नए सीएनजी स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य है, जिनमें से 23 चालू हो चुके हैं

000

राजधानी जयपुर में मौसमी बीमारियों की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं सीएमएचओ प्रथम डॉ. रवि सिंह शेखावत ने बताया कि बारिश के बाद मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष निगरानी की जा रही हैं आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं की ओर से घर घर जाकर सर्वे किया जा रहा हैं

....

0000

दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास की घोषणा कर दी हैं 39 वर्षीय मेसी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बयान जारी कर इस फैसले की जानकारी दी और पुष्टि की कि फुटबॉल इतिहास के सबसे गौरवशाली अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद अब वह अर्जेंटीना की जर्सी में नजर नहीं आएंगें इसके साथ ही अर्जेंटीना के लिए मेसी के 20 वर्ष के करियर का अंत हो गया हैं

इस दौरान उन्होंने अर्जेंटीना को विश्व कप, दो कोपा अमरीका खिताब जीताने में बड़ी भूमिका निभाई

0000